卐 श्री सद्गुरु देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 62 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦8 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम ने होमगार्डों को दी सौगात

देहरादून। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के होमगार्ड जवानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं और वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि होमगार्ड जवान प्रदेश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके लिए सुविधाओं और भत्तों में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि अब होमगार्ड जवानों को साल में 12 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। महिला होमगार्ड को मातृत्व अवकाश का अधिकार भी मिलेगा। 9000 फीट से ऊपर तैनाती पर तात्कालिक प्रोत्साहन राशि पुलिस एवं एसडीआरएफ की तर्ज पर दी जाएगी, जबकि एसडीआरएफ ट्रेनिंग प्राप्त होमगार्ड को 100 रुपये अतिरिक्त भत्ता मिलेगा। इसके अलावा, वर्दी भत्ता दोबारा शुरू किया गया है और भोजन भत्ते में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। ट्रेनिंग भत्ता भी 50 रुपये से बढ़ाकर 140 रुपये कर दिया गया है। सीएम धामी ने कहा हमारे होमगार्ड जवान न केवल संकट की घड़ी में नागरिकों की रक्षा करते हैं, बल्कि आपदा प्रबंधन और आपात कालीन सेवाओं में भी हमेशा तत्पर रहते हैं। उनकी मेहनत और समर्पण के लिए यह सुविधाएं और भत्ते उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके जीवन और कार्य में स्थिरता भी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में अधिकारियों और सैनिकों के अलावा के कई गणमान्य नागरिक थे।




## भैंसा गाड़ी की चपेट में आकर बालक की मौत



किच्छा। पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरौली में भैंसा गाड़ी की चपेट में आने से एक 8 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई जिससे उसके परिजनों में कोहराम मचा है तथा गांव में मातम का माहौल है। मृतक अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र था। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर शैफु पुत्र सईद अहमद निवासी वार्ड 18 सिरौली निवासी सड़क किनारे खेल रहा था कि अचानक चलती बैलगाड़ी की चपेट में आ गया तथा पहिए के नीचे कुचल गया जिस वजह से उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसमें मौके पर आकर बालक के शव को कब्जे (शेष पृष्ठ सात पर)

## गुलरभोज में अतिक्रमणकारियों को नोटिस, हड़कम्प

गदरपुर/गूलरभोज। मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के क्रम में हरिपुरा जलाशय गूलरभोज क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के निर्देशन में सिंचाई विभाग की टीम ने जलाशय की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों की पहचान कर कुल 60 नोटिस जारी किए, जिनमें चार धार्मिक स्थल भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी नोटिसधारकों को 15 दिन की मोहलत दी गई है। इस अवधि के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासनिक बल की सहायता से सीधी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासन, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं संबंधित टीमें मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि (शेष पृष्ठ सात पर)



## मालिकाना हक को लेकर मुख्यसचिव से मिले ठुकराल

### नजूल भूमि पर मालिकाना हक और विद्युत संयाजन को लेकर ठुकराल ने सौपा ज्ञापन

देहरादून। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रुद्रपुर में नजूल, दानपत्र एवं सीलिंग की भूमि पर निवास कर रहे हजारों परिवारों को मालिकाना हक दिए जाने तथा उन्हें विद्युत संयोजन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद वर्धन से सचिवालय में मुलाकात की। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिस पर मुख्य सचिव ने सकारात्मक समाधान निकालने का आश्वासन दिया। श्री ठुकराल ने ज्ञापन में कहा कि रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप समेत विभिन्न वार्डों व मलिन बस्तियों में रहने वाले लगभग 70 प्रतिशत से अधिक नागरिक नजूल, दानपत्र अथवा सीलिंग की भूमि पर निवास करते हैं। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृति न होने पर विद्युत संयोजन देने से इंकार किए जाने के कारण हजारों परिवार परेशानी में हैं। उन्होंने कहा कि यह आदेश इन बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए "तुगलकी फरमान" साबित हो रहा है। ज्ञापन में श्री ठुकराल ने कहा कि उनके विधायक कार्यकाल के दौरान 10 दिसंबर 2016 को नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराने का (शेष पृष्ठ 7 पर)



## आशियाने उजाड़ने के खिलाफ धरना प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्राम पूछडी में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने के खिलाफ सोमवार को संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रभावित परिवारों ने पुरानी तहसील चौक पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन, प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री, वन विभाग और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार, रविवार को पुलिस, जिला प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम पूछडी में अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की थी। इससे प्रभावित हुए परिवारों और सामाजिक संगठनों ने इसे अवैध एवं अन्यायपूर्ण कार्रवाई बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने हाई कोर्ट के आदेशों और वन कानून का उल्लंघन किया है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अतिक्रमण हटाने से पहले प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास की उचित व्यवस्था करनी चाहिए थी। प्रदर्शन में उपस्थित लोगों ने तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ के कार्यों की जांच कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा मामले पर चुप्पी साधने पर नाराजगी जताई। पीड़ित परिवारों ने यह भी आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस कर्मियों ने महिलाओं के साथ मारपीट और उत्पीड़न किया। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने बुलडोजर कार्रवाई को नहीं रोका, तो इसके गंभीर परिणाम(शेष पृष्ठ सात पर)



## युवक पर लाठी डण्डों और धारदार हथियार से हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक और उसके साथियों पर हमले के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि खेडा के रहने वाले कुछ हमलावरों ने युवकों को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों, रॉड और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैंप निवासी प्रार्थी गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 दिसंबर की रात लगभग 2 बजे वह अपने दोस्तों सुमित, रितिक, सचिन, नरेन्द्र के साथ काम से लौट रहा था। इसी दौरान खेडा निवासी रामू, शुभम, दीपेश, मनोज, अकीत, विक्रम तमंचा लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने युवक को लात-घूंसों, लाठी-डंडों और रॉड से मारपीट की। इसी दौरान किसी एक आरोपी ने गौतम के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर नजदीक ही रहने वाले अपने परिचित गौतम के घर पहुंचे। आरोप है कि हमलावर वहां भी पहुंच गए और गेट तोड़ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'सीएम धामी' का फोकस अब 'भूतापीय ऊर्जा' उत्पादन पर

### जल विद्युत निगम लिमिटेड को तपोवन स्थित जियोथर्मल स्प्रिंग पर काम करने की मिलेगी अनुमति,जियोथर्मल स्प्रिंग्स साइट पर ड्रिलिंग खर्च भी उठाएगी धामी सरकार

**-अर्श-**

देहरादून। राज्य के निर्माण के समय उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश के रूप में प्रतिष्ठित किए जाने की कल्पना की गई थी, लेकिन राज्य निर्माण के ढाई दशकों के बाद भी सूबे को ऊर्जा संपन्न प्रदेश के आसपास भी नहीं पहुंचाया जा सका। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अब उत्तराखंड के विकास में ऊर्जा के महत्व को समझा है और प्रदेश में मौजूद ऊर्जा स्रोतों के अधिकतम दोहन की ओर फोकस किया है। इस क्रम में उत्तराखंड सरकार अब जियोथर्मल स्प्रिंग्स (भूतापीय झरने) के जरिए ऊर्जा उत्पादन करने जा रही है, ताकि भविष्य में ऊर्जा की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सके।जियोथर्मल स्प्रिंग्स परियोजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए राज्य सरकार ने जियोथर्मल एनर्जी पॉलिसी- 2025 भी लागू की है, जिसके तहत अब उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड तपोवन स्थित जियोथर्मल स्प्रिंग पर जल्द ही ड्रिलिंग का काम शुरू करने जा रही है, जिसकी कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी की ओर से किए गए अध्ययन के अनुसार प्रदेश में लगभग 40 चिन्हित जियोथर्मल स्प्रिंग्स मौजूद है। हाल ही में ओएनजीसी की ओर से भी प्रदेश में मौजूद जियोथर्मल स्प्रिंग्स को लेकर एक अध्ययन किया गया है अध्ययन, जिसमें प्रदेश में करीब 62 जियोथर्मल स्प्रिंग्स मौजूद होने की बात कही गई है । यही वजह है कि धामी सरकार जियोथर्मल स्प्रिंग्स के जरिए ऊर्जा उत्पादन की राह आसान करने की दिशा में बड़ी तेजी से कार्य कर रही है। जियोथर्मल स्प्रिंग से ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं तलाशने के लिए उत्तराखंड सरकार ने आइसलैंड की एक कंपनी वर्किस के साथ एमओयू भी साइन किया था और यह कंपनी तपोवन स्थित जियोथर्मल स्प्रिंग की प्री फिजिबिलिटी टेस्ट भी कर चुकी है।आइसलैंड की कंपनी वर्किस की ओर से प्री फिजिबिलिटी टेस्ट कराए जाने के बाद अब उत्तराखंड जल विद्युत निगम ने तपोवन जियोथर्मल स्प्रिंग साइट पर ड्रिलिंग करने के लिए आवेदन किया है, जिस पर उत्तराखंड सरकार ने सहमति भी जाता दी है तथा ऊर्जा विभाग को तपोवन स्थित जियोथर्मल स्प्रिंग साइट ड्रिलिंग के लिए यूजेवीएनएल को सौंपने संबंधित कागजी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उम्मीद है कि कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद यूजेवीएनएल की (शेष पृष्ठ सात पर)



# प्रदेश में खाद्य तेल के 'री-यूज' पर कड़ी निगरानी

## धामी सरकार की बड़ी पहल, स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त एफडीए डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में राज्य में तेज हुई मुहिम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में एफडीए आम जनता को स्वास्थ्य वर्धक व सुरक्षित भोजन मुहैया कराने को लेकर लगातार प्रयासरत है। फूड डिलीवरी एप्स और रेडी-टू-ईट संस्कृति के इस दौर में घर में बना ताजा भोजन एक विकल्प से अधिक आदत और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन बदलती लाइफस्टाइल के चलते बड़ी आबादी बाजार के खाने पर निर्भर होती जा रही है। खासकर युवा पीढ़ी में बाहर के खाने का चलन तेजी से बढ़ा है, जिसका दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में एक बार इस्तेमाल हो चुके खाद्य तेल को पुनः पकाने में उपयोग करने की प्रवृत्ति आम होती जा रही है। शोध बताते हैं कि बार-बार गर्म किए गए तेल में हानिकारक रसायन बनते हैं, जो हृदय रोग, कैंसर और उच्च ट्रांस फैट जैसी स्थितियों का खतरा कई गुना बढ़ाते हैं। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने वर्ष 2018 में देशव्यापी आरयूसीओ मिशन की शुरुआत की। इसका उद्देश्य प्रयोग किए गए तेल को खाद्य श्रृंखला में वापस जाने से रोकना तथा उसे बायोफ्यूल जैसे गैर-खाद्य उपयोगों में परिवर्तित करना है।अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार तेल को दुबारा गर्म करने पर उसमें एल्डिहाइड्स और अन्य जहरीले यौगिक तेजी से बनते हैं। इन रसायनों से शरीर की कोशिकाएं नष्ट होती हैं और कैंसर सहित कई बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा यह ट्रांस फैट की मात्रा में भी तीव्र वृद्धि करता है, जो हार्ट अटैक और हाई ब्लड प्रेशर का एक बड़ा कारण है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि शहरी भारत में लगभग 60 प्रतिशत खाना पकाने वाला तेल एक बार उपयोग होने के बाद भी





दोबारा बिक्री या पुनः उपयोग के माध्यम से खाद्य श्रृंखला में वापस आ जाता है। यह आंकड़ा स्वास्थ्य संकट की गंभीर चेतावनी है। अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार 2018 की राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति इस समस्या से निपटने के लिए इस्तेमाल किए गए खाद्य तेल को बायोडीजल में बदलने को प्रोत्साहित करती है। RUCO इसी नीति के अंतर्गत एक मजबूत आपूर्ति तंत्र तैयार कर रहा है। उत्तराखंड ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अपने आप को मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त एफडीए डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने इसे मिशन मोड में लागू किया। इस दौरान फूड बिजनेस ऑपरेटरों, एफडीए अधिकारियों, एग्रीगेटर, रीसायकलर, होटल-रेस्टोरेंट संचालकों, छात्र समूहों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए गए। कैफे टॉक्स, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण सत्र और मीडिया संवादों ने इस अभियान को सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दिया।अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार 2019 में शुरू हुए RUCO मॉडल में जहां पहले चरण में महज 600 लीटर इस्तेमाल किया गया तेल एकत्र हुआ था, वहीं पांच वर्षों में यह संख्या बढ़कर 1,06,414 किलो तक पहुंच गई। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि उत्तराखंड ने इस मिशन को न सिर्फ अपनाया बल्कि इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू भी किया। 2025 की चारधाम यात्रा को भी इसी थीम पर आयोजित किया गया। यात्रा मार्ग पर खाद्य तेल के पुनः उपयोग को रोकने के लिए खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षित किया गया, जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए और इसमें कुल 1,200 किलो इस्तेमाल किया गया तेल एकत्र कर इसे बायोफ्यूल में परिवर्तित किया गया। इस पूरी पहल ने न सिर्फ स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस अभियान की सफलता का श्रेय सरकारी तंत्र के साथ-साथ खाद्य कारोबारियों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी को भी जाता है। उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन आगामी वर्षों में इस मुहिम को और तीव्र गति से आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। यह दून मॉडल ईट राइट इंडिया और त्ब्ब् पहल के तहत विकसित एक अभिनव प्रणाली है, जिसकी सराहना FSSAI के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी की। राज्य थ्ब्। अब इसे गढ़वाल और कुमाऊँ में चरणबद्ध तरीके से लागू करने जा रहा है। मॉडल का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और उपयोग किए गए खाना पकाने के तेल के सुरक्षित पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना है। इस प्रभावी पहल को आगे बढ़ाने में उप आयुक्त एवं नोडल अधिकारी) गणेश कंडवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनके नेतृत्व में यह मॉडल उत्तराखंड के लिए एक मिसाल बन रहा है। राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी स्थिति में जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस्तेमाल किए गए तेल का दोबारा उपयोग रोकने का अभियान केवल नियम लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों की सेहत बचाने का संकल्प है। उत्तराखंड ने RUCO को न सिर्फ सफल बनाया है, बल्कि इसे सामाजिक जागरूकता की मुहिम में बदलकर देश के सामने एक नया मानक स्थापित किया है। हम इस अभियान को और व्यापक रूप में आगे बढ़ाएंगे, ताकि स्वस्थ उत्तराखंड का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में मिशन को उत्तराखंड में मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि एक बार इस्तेमाल होने वाला खाद्य तेल किसी भी हालत में खाद्य श्रृंखला में वापस न जाए। इसके लिए फूड बिजनेस ऑपरेटरों, होटलों, रेस्टोरेंट्स, ढाबों और सभी खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आम जनता भी अब इस मुद्दे के प्रति अधिक संवेदनशील हो रही है। अगले चरण में हम तकनीकी निगरानी, बड़े पैमाने पर संग्रहण तंत्र और बायोफ्यूल निर्माण क्षमता को और मजबूत करेंगे। यह मुहिम केवल स्वास्थ्य सुरक्षा ही नहीं, पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण कदम है।

## अग्निकांड को लेकर सीएम धामी ने गोवा के मुख्यमंत्री से की वार्ता

देहरादून (उद संवाददाता)।गोवा के अरपोरा क्षेत्र में हुए गंभीर नाइटक्लब अग्निकांड को लेकर प्राप्त मीडिया रिपोर्टों एवं स्थानीय स्तर की सूचनाओं के अनुसार, इस घटना में उत्तराखंड के कुछ नागरिकों के संभावित रूप से प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गई है। इस स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से दूरभाष पर वार्ता कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।मुख्यमंत्री धामी ने गोवा सरकार से अनुरोध किया है कि यदि किसी भी प्रभावित व्यक्ति की पहचान उत्तराखंड निवासी के रूप में होती है, तो उनके परिजनों से तुरंत संपर्क स्थापित किया जाए तथा आवश्यक सहायता-विशेष रूप से पहचान, उपचार, सहायता राशि एवं अन्य औपचारिकताओं-को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। गोवा के मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सभी प्रभावितों को आवश्यक चिकित्सा एवं प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड सरकार के सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे घटना पर लगातार नजर रखें और यदि राज्य के किसी नागरिक के प्रभावित होने की पुष्टि होती है तो परिजनों को हर आवश्यक सहायता-चिकित्सा, कानूनी, परामर्श अथवा अन्य किसी भी प्रकार की-तत्परता से प्रदान की जाए। राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूर्ण संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है।उत्तराखंड सरकार गोवा प्रशासन से सतत संपर्क में है और घटना से जुड़ी अद्यतन जानकारी प्राप्त होते ही आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएंगे।

## कुंडा थाना क्षेत्र से किशोरी लापता

काशीपुर। कुंडा थाना क्षेत्र से एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री बीते 5 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे परिजनों को कुछ बताएं अचानक घर से लापता हो गई। तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी गायब किशोरी का कोई पता नहीं चला।




## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया पोल्ट्री फार्म का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा गदरपुर के ग्राम मजरा मर्दान (बकैनिया) में किसान गुरदयाल सिंह के पोल्ट्री फार्म का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया द्वारा फीता काट कर शुभारंभ कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई । संबोधन में नरेश हुड़िया ने किसानों को सरकार द्वारा पोल्ट्री फार्म पर अनुदान देने पर आभार व्यक्त करने के साथ अन्य लोगों को भी ऐसे छोटे व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया । इस मौके किसानों ने भी पोल्ट्री फार्म पर सरकार द्वारा अनुदान दिये जाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया । इस मौके पर संदीप कंबोज, गुरदयाल सिंह, विक्रमजीत सिंह,शुभम हुंडिया,यश ठुकराल,किशन लाल, कश्मीर चंद,जागीर चंद,मुंशी राम,जस्सा सिंह,बलदेव सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



## सीएम ने अजय भट्ट के भाई के निधन पर जताया शोक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजयपुर तोक धनखल द्वाराहाट पहुंचकर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री तथा नैनीताल सांसद अजय भट्ट के भाई स्व0 राम दत्त के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की, कि दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी संवेदनाएँ प्रकट करते हुए कहा कि उनसे उनका व्यक्तिगत लगाव था। मुख्यमंत्री ने कहा, "जब भी उनसे मिलना होता था, वे बड़े आत्मीय भाव से मिलते थे। उनके देहावसान का समाचार सुनकर मन अत्यंत दुखी हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोक संतृप्त परिवार को ढांडस बंधाया तथा शोक की इस घड़ी में परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



## रुद्रपुर पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को परिचय पत्र वितरित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक मेट्रोपोलिस स्थित संगठन के जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने परिषद के सदस्यों को संगठन के परिचय पत्र वितरित किए। बैठक में आगामी राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अशोक गुलाटी ने कहा कि संगठन अपने सभी सदस्यों को शीघ्र ही वाहनों के लिए अधिकृत स्टिकर भी जारी करेगा, जिससे पत्रकारों को क्षेत्र में कार्य करने में सुगमता मिलेगी। उन्होंने बताया कि परिषद का राष्ट्रीय महाधिवेशन जल्द ही बुलंदशहर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से एक हजार से अधिक पत्रकार शामिल होंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस महाअधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में पत्रकार महाधिवेशन में भाग लेंगे। इसके लिए इच्छुक सदस्य अपना पंजीकरण जल्द करा लें, क्योंकि पंजीकरण के उपरांत ही उन्हें अधिवेशन हेतु परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि अधिवेशन की तिथि शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी। अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद देश के कई राज्यों में पत्रकारों के हितों और अधिकारों के लिए सक्रियता से कार्य कर रही है। राष्ट्रीय महाधिवेशन के दौरान पत्रकारों से जुड़े मुद्दों, चुनौतियों और उनके समाधान पर गंभीर मंथन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महामंत्री जगदीश चन्द्र, प्रदेश उपाध्यक्ष परमपाल सुखीजा, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर, नगर अध्यक्ष अमन सिंह, महेन्द्र पोपली, सुरेन्द्र गिरधर, मनीष बाबा, आशु अहमद, विशाल मेहरा, अर्जुन कुमार और राजकुमार शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



## बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर सेमिनार आयोजित

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' विषय पर आज एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिनिधि के रुप में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चन्द्रा, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक, किच्छा श्री तिलक राज बेहड़ तथा राष्ट्रीय मूलनिवासी बहुजन कर्मचारी संघ, राष्ट्रीय दलित साहित्य अकादमी, बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क और देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ पंतनगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन परमश्रद्धेय भंते सोमानन्द, राष्ट्रीय प्रभारी बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क, नई दिल्ली द्वारा बुद्ध वंदना के साथ किया गया। विधायक श्री तिलक राज बेहड़ द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय द्वारा बाबा साहब की तरह मिशन मोड पर समाज को प्रभावित करने वाले कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में डा. जयपाल, डा. के.पी. चौधरी, डा. अशोक सहोता, ई. बेगराज सिंह, आयोजन सचिव डा. सुनील सिंह, डा. ओमवीर सिंह, प्रमोद कुमार, राहत मसीह, मनोहर वाल्मिकी, रिंकु बाबा,विजय बहादूर, ओमप्रकाश, जितेन्द्रनाथ,गोविन्द आर्या आदि एवं अनेक छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पांचवीं रुद्र ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

## मोहम्मद समीद बने रुद्र ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट के चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राघव शतरंज अकादमी द्वारा आयोजित पांचवीं रुद्र ओपन रैपिड चेस शतरंज प्रतियोगिता बड़ी सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुरादाबाद के मोहम्मद समीद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुरादाबाद के ही शौर्य प्रभाकर ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हल्द्वानी के दर्शील तीसरे स्थान पर रहे। रुद्रपुर के भव्य अरोरा ने चौथा और मुरादाबाद के रवीश चौधरी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। अकादमी के वरिष्ठ सदस्य सुमित बांगा ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल टीमों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में हल्द्वानी के ओरम पब्लिक स्कूल ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके बाद दूसरे स्थान पर ठस्ड हल्द्वानी रहा तथा तीसरे स्थान पर ताछ रुद्रपुर की टीम रही। बालिका वर्ग की स्कूल टीम श्रेणी में भ्ब हल्द्वानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। क्वीन स्कूल हल्द्वानी दूसरे स्थान पर रहा और ओरम पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो बालक वर्ग के अंडर9 में अक्षत जनौटी ने पहला, लवयांश मेहरा ने दूसरा और अरनब सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर12 वर्ग में शिखर ने प्रथम, गुरमीत ने द्वितीय और आदित्य दुर्गापाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर15 वर्ग में काव्य परिहार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि देवेश पंत दूसरे और अभिराज चिलाना तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अंडर 9 कैटेगरी में अद्विका साहू प्रथम, लक्ष्य चंद्र द्वितीय और अन्वीक्षा वर्मा तृतीय रहीं। अंडर 12 श्रेणी में तोषी जनौटी ने पहला, रिव्या जोशी ने दूसरा और नायशा सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडरख्र15 में तान्या पाण्डेय ने प्रथम, सरसा रघुवंश ने द्वितीय और संयुक्ता गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन दिल्ली से पधारे वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी फुरकान द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में सुनील दर्शन, संजीव बोरा और दीपक ने संयुक्त रूप से विजेताओं को सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता के सफल संचालन की सराहना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में चीफ आर्बिटर अवि सिंह, जो राष्ट्रीय आर्बिटर हैं, का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके साथ आर्बिटर सुनील कुमार एवं नूतन भारद्वाज ने भी मैचों का संचालन अत्यंत कुशलता से किया। राघव शतरंज अकादमी की टीम से दिलीप साहू, डॉ. प्रमेश अरोड़ा, स्वाति बांगा, नीलम साहू और ईशा अरोड़ा आयोजन के दौरान लगातार सक्रिय रहे और खिलाड़ियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहे।



## शहीदों की याद में मनाया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सशस्त्र बलों के शहीदों को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है । इस अवसर पर 7 दिसम्बर 2025 को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हल्द्वानी में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया । सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कर्नल रमेश सिंह (अ0ग्रा0), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं ले0कर्नल0 बी0एस0 रौतेला (अ0प्रा0), अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक लीग, हल्द्वानी द्वारा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय, हल्द्वानी में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को टोकन फ्लैग / लापेल पिन लगाया गया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यालय में उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं एन0सी0सी0 कैडेट को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। आम नागरिकों के बीच सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के प्रति जागरूकता लाने तथा आम जनमानस को इस पुनीत कार्य में दिल खोलकर दान देने हेतु प्रेरित करने के लिए



एन0सी0सी कैडेट का सहयोग प्राप्त कर हल्द्वानी शहर के मुख्य बाजारों में एन0सी0सी कैडेट द्वारा रैली निकाल कर आम नागरिकों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के टोकन फ्लैग लगाये गये तथा नागरिकों से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में दान स्वरूप धनराशि प्राप्त की गयी। कार्यक्रम के दौरान कर्नल रमेश सिंह, जि0सै0क0 अधिकारी, ले0 कर्नल बीएसरौतेला, अध्यक्ष, पूर्व सैनिक लीग, कैप्टन मदन सिंह राठौर, कैप्टन डी0के0 जोशी, समस्त ब्लाक प्रतिनिधि तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की जिला कार्यकारिणी का किया पुनर्गठन

### ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष, ठाकुर भगवान सिंह एवं भोपाल सिंह ब्लाक अध्यक्ष बने

किच्छा। उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन उधम सिंह नगर का त्रिवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में संगठन से जुड़े तमाम मुद्दों तथा तमाम बिंदुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। ब्लॉक परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर चंद लोहनी की अध्यक्षता में त्रिवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। अधिवेशन के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया गया। तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को सर्व समिति से भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन कर ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव को उधम सिंह नगर जिला अध्यक्ष, उमेंद्र नाथ तिवारी एवं वीरेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार बिष्ट को जिला कोषाध्यक्ष, ठाकुर भगवान सिंह को खटीमा ब्लॉक अध्यक्ष, भोपाल सिंह रावत को रुद्रपुर ब्लाक अध्यक्ष, नरेंद्र राजभर को जिला संगठन मंत्री एवं जयप्रकाश सिंह, मदन मोहन शर्मा, बलदेव सिंह, प्रताप सिंह धानक, विवेकानंद मिश्रा को संरक्षक कार्यकारिणी में नामित किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जनवरी माह में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। अधिवेशन के समापन अवसर पर निकटवर्ती ग्राम आनंदपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी हलधर गुप्ता के दो दिन पूर्व आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अधिवेशन में तमाम क्षेत्रों से आए संगठन से जुड़े दर्जनों सदस्य गण मौजूद रहे।

## हल्द्वानी से हरिद्वार तक एलिवेटेड रोड़ निर्माण की मिली स्वीकृति: भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं के लिए बड़ी राहत और विकास को नई रफ्तार देने वाली खबर सामने आई है। नैनीताल–उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी से हरिद्वार तक एलिवेटेड रोड के निर्माण को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से मंजूरी मिल गई है। विभाग ने इस परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्टउ रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सांसद भट्ट के अनुसार डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनने के बाद परियोजना के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। उनका कहना है कि एलिवेटेड रोड तैयार होने के बाद हल्द्वानी से हरिद्वार का सफर सिर्फ 2 से 2.5 घंटे में पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों दोनों को बड़ी सुविधा मिलेगी। सांसद भट्ट ने कहा कि यह दोनों परियोजनाएँ कुमाऊं क्षेत्र के धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक विकास में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाएंगी और पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। इसी के साथ, लालकुआं बाईपास के लिए भी विभाग ने मंजूरी दे दी है। बाईपास निर्माण की तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सांसद भट्ट के अनुसार डीपीआर बनने के बाद परियोजना के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। उनका कहना है कि एलिवेटेड रोड तैयार होने के बाद हल्द्वानी से हरिद्वार का सफर सिर्फ 2 से 2.5 घंटे में पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों दोनों को बड़ी सुविधा मिलेगी तैयार करने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाईपास बनने से लालकुआं में बढ़ते ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी और वाहनों की आवाजाही और भी सुगम हो जाएगी। सांसद भट्ट ने कहा कि यह दोनों परियोजनाएँ कुमाऊं क्षेत्र के धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी।

## महारैली में रूद्रपुर से सैकड़ों लोग करेंगे दिल्ली कूच

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर महानगर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हम सभी को निष्ठा,लगन, समर्पण, और ईमानदारी के साथ कोशिश करनी होगी,श्रीमती शर्मा ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आहूत वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली में रुद्रपुर से भी सैकड़ो लोग जाएंगे। इधर सीर गोटिया में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक में महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ममता रानी ने भी प्रतिभाग किया,और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कांग्रेस को मजबूत बनाने की दिशा में कार्यकर्ताओं ने अपने



विचार रखें, यहां अपने संबोधन में श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि हमें आपसी मतभेद दूर करके कांग्रेस को मजबूत बनाने की दिशा में निष्ठा, लगन, समर्पण,और ईमानदारी के साथ प्रयास करने होंगे स इस अवसर पर निगम पार्षद सन्नो बेगम, मोहम्मद इरफान खान, पूर्व पार्षद सलीम अहमद, पूर्व पार्षद नदीम खान,विक्की, लाला, बंटी, अनिल शर्मा, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## बारातियों से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

दिनेशपुर । शुक्रवार रात निकटवर्ती कंटोपा गांव में डीजे को लेकर हुए विवाद में गांव के लोगों ने बारातियों पर हमला कर मारपीट की । जिसमे एक बुरी तरह घायल हुआ जबकि अन्य मामूली रूप से चोटिल थे । तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर न्यायालय पेश किया जा। जबकि मामले में अभी कई की गिरफ्तारी बाकी है । बताते चलें शनिवार को



कंटोपा गांव के तमाम ग्रामीण एकत्र होकर थाने पहुंचे । जहां जहाँ गांव के तपन सरकार पुत्र नारायण सरकार ने थाने में तहरीर देकर कहा । शुक्रवार रात उनकी पुत्री का विवाह कार्यक्रम चल रहा था । रामबाग गांव से बारात जब गांव पहुंची तो कुछ लोगों ने डीजी को लेकर बखेड़ा खड़ा कर दिया । और बारातियों सहित ग्रामीणों पर धारदार हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया । आरोप है कि इस दौरान आरोपितों ने तमंचे से फायर कर गांव में दहशत फैला दी । मारपीट में अभिषेक ढाली पुत्र असीत ढाली बुरी तरह जख्मी हो गया । इस दौरान अन्य लोगों को भी चोटें आई । उन्होंने गांव के ही एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की । रविवार को थाना पुलिस के एसआई प्रदीप भट्ट ने आरोपित जितेंद्र पासवान पुत्र नन्द किशोर व चिरंजीत गोलदार पुत्र सिंधु गोलदार निवासी कंटोपा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । जबकि मामले में अभी कई आरोपित फरार हैं ।

## मृत्योपरांत भी दो लोगों की रोशनी बनेंगी श्रीमती परमजीत कौर खरबंदा

रुद्रपुर। निवासी श्रीमती परमजीत कौर खरबंदा के देहावसान के पश्चात उनके पुत्र तजिंदर सिंह खरबंदा और सुखविंदर सिंह खरबंदा ने नेत्रदान के लिए सहमति देकर समाज के लिए एक अनुकरणीय व प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस निर्णय से दो व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आएगी और श्रीमती परमजीत कौर की आंखें उनके निधन के बाद भी किसी और की दुनिया को उजाला देंगी। नेत्रदान की प्रक्रिया भारत विकास परिषद, रुद्रपुर के संजयजी, संजय ठुकराल, सोचो डिफरेंट के संस्थापक संदीप चावला, विकास भुसरी तथा परिवार के सदस्यों तजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, इंद्रप्रीत कौर, मंदीप कौर, गुरबाज चावला, अपार



सिंह, अमरजीत कौर, अमरजीत सिंह, गुरशरण सिंह, अभिजीत सिंह, जगजीत सिंह और परविंदर सिंह के सहयोग से संपन्न हुई। रुद्रपुर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एस. के. मित्तल की उपस्थिति में, डॉ. एल. एम. उप्रेती के निर्देशन और आई टेक्नीशियन मनीष रावत के कुशल संचालन में नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की गई। इस मानवतापूर्ण कार्य के लिए ट्रस्ट के ट्रस्टीगणों ने भारत विकास परिषद और सोचो डिफरेंट संस्था के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, ट्रस्ट ने अन्य स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों से भी अपील की है कि वे नेत्रदान जैसे पुण्यकार्य में आगे आएँ, ताकि अधिक से अधिक लोगों को देखने का अवसर मिल सके और अनेक जीवन रोशन हो सकें।

# 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला करने की घोषणा

## सीएम धामी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर की महत्वपूर्ण घोषणाएँ

चमोली (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर रविवार को सवाड़, चमोली पहुँचे, जहाँ क्षेत्रवासियों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सहभागिताओं के बीच मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय और सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी। इसी प्रकार रामपुर तोर्ती को कुमाऊं क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण को भी सरकार की प्राथमिकता बताया गया।मुख्यमंत्री द्वारा थराली के तलवाड़ी तथा नंदानगर के लांखी क्षेत्र में मिनी स्टेडियम निर्माण को स्वीकृति दिए गौरवशाली परंपरा को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।सवाड़ स्थित सैनिक स्मृति संग्रहालय का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 18वें 'अमर शहीद सैनिक मेला' के उद्घाटन सवाड़ गांव के वीर जवानों ने सदैव राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अप्रतिम त्याग किया है, जिसकी पहचान पूरे भारतवर्ष में है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना और रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार देखने को मिले हैं। जहाँ एक समय भारत रक्षा विश्व स्तर पर देश की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।राज्य की सामाजिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी विकृतियों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं, ताकि देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया। सरकार का मानना है कि केवल घोषणाएँ नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही वास्तविक प्रतिबद्धता का संकेत है।कार्यक्रम में विधायक थराली श्री भूपाल राम टम्टा, जिलाधिकारी गौरव कुमार,








विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों और घोषणाओं को साझा किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि ग्वालदम-देवाल-वाण मोटर मार्ग को नंदा देवी राजजात के आयोजन के उपरांत बीआरओ को सौंपने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे भविष्य में सड़क की गुणवत्ता, रखरखाव जाने का भी उल्लेख किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए खेल सुविधाएँ और अवसरों का विस्तार हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला करने की घोषणा भी की, जिसकी स्थानीय जनता और पूर्व सैनिक समाज की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यह निर्णय क्षेत्र में वीर सैनिकों की अवसर पर उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सवाड़ की धरती हमेशा राष्ट्रभक्ति, समर्पण और शौर्य की मिसाल रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं सैनिक परिवार से आते हैं, और इस वीरभूमि में पहुंचकर उनके मन में अपने पिता द्वारा सुनाई गई अनेक वीरगाथाओं की स्मृतियाँ ताजा हो उठीं। उन्होंने कहा कि उपकरणों के लिए विदेशों पर निर्भर था, वहीं अब देश कई महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाले अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हो चुका है। इस संदर्भ में उन्होंने हाल ही में संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की सामरिक क्षमता, सैनिकों का साहस और स्वदेशी हथियार-तीनों ने और सामाजिक समरसता को सुरक्षित रखा जा सके।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन चुका है जिसने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को व्यावहारिक रूप से लागू किया है। इसे सरकार द्वारा जनता के प्रति पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचन्द्र गौड़, उपाध्यक्ष हरक सिंह नेगी, साथ ही मेला समिति सवाड़ के अध्यक्ष आलम सिंह बिष्ट सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त दूरसंचार कर्मी धर्मशक्तू की देह दान

हल्द्वानी(उद संवाददाता) । बीएसएनएल से एसडीओ पद से सेवानिवृत हुए कमलुवागंजा हल्द्वानी निवासी पुरमल सिंह धर्मशक्तू का रविवार को निधन हो गया। मूल रूप से मुनस्यारी टिमटिया गांव के रहने वाले धर्मशक्तू अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं । उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह पिता की इच्छा के अनुरूप उनकी देह को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को शैक्षणिक / अनुसंधान कार्य के लिए देना चाह रहे थे। लेकिन कागजात पूरे नहीं होने के चलते परिजन इस मामले को लेकर देर सायं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मिले। जिलाधिकारी श्री रयाल ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तुरंत आदेश जारी करते हुए देह को निशुल्क दान करने की अनुमति देते हुए, मेडिकल कालेज प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज ने उनकी देह को शैक्षणिक व अनुसंधान कार्य के लिए ले लिया है।

# मातृ शक्ति से किया नशा विरोधी मुहिम से जुड़ने का आहवान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी सुशील गाबा द्वारा संचालित 'रूद्रपुर अंगेस्ट ड्रग्स' अभियान के तहत वार्ड 32 भूरारानी की डिवाईन पार्क कालोनी में हुयी बैठक में अवैध कच्ची शराब, सूखे नशे के फैलते जाल से अपनी कालोनी को सुरक्षित रखनें हेतु दल बनानें तथा ड्रग्स पैडलरों तथा कच्ची शराब आदि का सेवन करनें वालों को अपनी कालोनी के आसपास भी न फटकनें देनें का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित मातृशक्ति नें समाजसेवी सुशील गाबा को जानकारी देते हुये बताया कि उनकी कालोनी के सामनें रेलवे पटरी पार तथा कालोनी के साथ स्थित खंडहरों आदि में नशेड़ी आकर सूखे नशे का सेवन करते है। धीरे-धीरे यह जहर हमारी पीढ़ी को भी कब्जे में ले सकता है। स्कूलों आदि के नजदीक सूखे नशे के बढ़ते प्रकोप भी अभिभावकों की चिंता बढ़ा रहा है।मातृशक्ति को संबोधित करते हुये 'रुद्रपुर अंगेस्ट ड्रग्स' अभियान के संयोजक सुशील गाबा नें कहा कि नशा जितना शक्तिशाली दिखता है, उससे कई गुना अधिक शक्तिशाली हमारी मातृशक्ति है। मैं सभी मातृशक्ति, युवाओं और भाइयों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं कि आइए, हमारी मुहिम 'रूद्रपुर अगंस्ट ड्रग्स से जुड़िए। हमारी टीम हर वार्ड, मोहल्लों और समाज में नशा मुक्त अभियान चला रही है। हमें आपकी सहभागिता, आपका साहस और आपकी आवाज की जरूरत है। अगर आप एक माँ हैं तो हमारी शक्ति बनें। अगर आप युवा हैं तो हमारी ताकत बनें। यदि आप समाजसेवी हैं तो हमारी प्रेरणा बनें। आईये, हम सब मिलकर उत्तराखंड को फिर से वो पवित्र भूमि बनाएँ जहाँ बच्चे सपने देखते हैं, जहाँ युवा आगे बढ़ते हैं, और जहाँ मातृशक्ति दृढ़ता से कहती है 'ड्रग्स मुक्त देवभूमि यही हमारा संकल्प है।बैठक में पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष नेहा सामंत, पुष्पा सुंदरियाल, माधवी अधिकारी, नीमा जोशी, कविता, शीतल, प्रीति, चन्द्रकला, नीमा, नीलम, गीता, गीता पैतोला, यमुना बोरा, सुनीता रावत, नेहा सुंदरियाल, पार्वती देवी, नन्दी देवी, संपत्ति देवी, मोना, भावना, पुष्पा देवी, मंजू देवी, इंदर रौतेला, भावना पाण्डेय, नेस्ले यूनियन के अध्यक्ष राजदीप बठला, राकेश रूंडला, हैप्पी रंधावा, करन आदि सहित 25 जागरूक नागरिक मौजूद थे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेयू
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# सीएम ने कपकोट में किया 108 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

## विभिन्न स्वायत सहकारिता एवं स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता के चेक प्रदान किए

बागेश्वर/कपकोट(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बागेश्वर दौरे के दूसरे दिन, केदारेश्वर मैदान, कपकोट में आयोजित जन सम्मेलन में प्रतिभाग किया, जहाँ उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 62 करोड़ की 24 योजनाओं का लोकार्पण तथा 45.95 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जनता की विशाल उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार विकास के सही मार्ग पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'मानस खंड माला' परियोजना के तहत धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की प्रगति की जानकारी साझा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन की नई पहल से प्रदेश में वर्षभर पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्यरत है और वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के तहत बागेश्वर की पारंपरिक ताम्र शिल्प को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। सरयू एवं गोमती नदियों के संरक्षण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं, वहीं बागेश्वर रेल लाइन का सर्वेक्षण भी पूर्ण हो चुका है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि गरुड़ अस्पताल का उच्चीकरण किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही विभिन्न स्वायत सहकारिता एवं स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता के चेक प्रदान किए गए । जिसमे संकल्प स्वायत सहकारिता समूह सीएलएफ (हर्षिला) को 3 करोड़ 23 लाख, ऊर्जा स्वायत सहकारिता सीएलएफ को 22 लाख 50 हजार,एनआरएलएम की संवाद महिला स्वयं सहायता समूह और जय गोलू देवता स्वयं सहायता समूह को 5 -5 लाख के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर कृषि, उद्यान, रेशम, सहकारिता, ग्राम्य विकास, महिला सशक्तिकरण, डेयरी, पशुपालन एवं उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल स्थापित किए, जिन पर आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया, स्थानीय हस्तशिल्पकारों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके कार्य का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्याय, शिव सिंह विष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौंरयाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, एसपी चंद्र सिंह घोड़के, सीडीओ आर.सी. तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।







# गौ सेवा है मानवता का आधार : रेखा आर्या

## रूद्रपुर में गौ रक्षा दल का महासम्मेलन व महायज्ञ सम्पन्न

रूद्रपुर ।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने गांधी पार्क में गौ सेवा रक्षक संगठन के महासम्मेलन और महायज्ञ का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची देश सेवा है। गौ माता रक्षा सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए रेखा आर्य ने कहा कि भारतीय जीवन शैली में गे हमेशा अर्थ व्यवस्था का आधार रही है। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश में लाखों महिलाएं ऐसी हैं जिनकी अर्थव्यवस्था गाय पर आधारित है। भारतीय जनता पार्टी ने गौभक्ति और राष्ट्रभक्त को हमेशा सर्वोपरि रखा है और समस्त विकास की नीतियां इसी दृष्टि कोण के साथ तैयार की है ।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अर्थ और धर्म दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण है, भाजपा इसी यश नीति को साथ लेकर चलती है।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि गौ सेवा ही राष्ट्र की सच्ची सेवा है, समाज की सच्ची सेवा है। भारत में हमेशा गाय परिवार की अर्थव्यवस्था का आधार रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल , विधायक शिव अरोरा, उत्तराखण्ड आयुष मेडिकल कालेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. के सी चंदौला, बाल आयोग के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक दीपक गुलाटी, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष विराट आर्य,पंडित प्रभात आर्य, पंकज बांगा, दूधिया मंदिर के महंत शिवानंद महाराज, राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, मानस जायसवाल के साथ साथ हजारों युवा उपस्थित रहे।





# 10 माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर बुक्सा समाज का फूटा गुस्सा

## विधायक अरविंद पांडे के नेतृत्व में डलबाबा मंदिर में धरना,आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

गूलरभोज( उद संवाददाता)। बुक्सा जनजाति के आराध्य राजा जगत देव की प्रतिमा को डलबाबा मंदिर परिसर में खंडित किए जाने के मामले में 10 महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रविवार को आक्रोश चरम पर पहुंच गया। गदरपुर विधायक अरविंद पांडे की अगुवाई में बुक्सा समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में धरना देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया। गौरतलब है कि बीते 29 फरवरी को गूलरभोज के दलपुरा स्थित डलबाबा मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने राजा जगत देव की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने जांच तो शुरू की, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। पुलिस की इस निष्क्रियता को लेकर समाज में भारी नाराजगी पनप रही है। रविवार को हुए विरोध-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बुक्सा समाज के लोग जुटे। वहीं कोपा, फतेगंज, मदनापुर, तिलपुरी समेत आसपास के बुक्सा बहुल गांवों में भी विरोध सभाएँ आयोजित कर लोगों ने न्याय की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस की धीमी कार्रवाई इस संवेदनशील घटना को दबाने का प्रयास प्रतीत होती है। धरना स्थल पर मौजूद विधायक अरविंद पांडे ने पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ईमानदारी और सख्ती से कार्य करती तो अब तक अपराधी जेल के पीछे होते। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक संरक्षण के कारण भी आरोपियों को बचाया जा रहा है, जिससे यह पूरा प्रकरण एक साजिश की ओर इशारा करता है। विधायक ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वर्तमान धरना केवल आगाह करने के लिए है। यदि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो बुक्सा समाज एसएसपी कार्यालय पर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेगा। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले और ईमानदार नेता हैं। समाज को विश्वास है कि सीएम धामी इस गंभीर घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद आरोपी जल्द गिरफ्तार होकर जेल की सलाखों के पीछे होंगे। धरने में भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह, मंडी समिति गदरपुर के पूर्व उपाध्यक्ष लाखन सिंह, रूप सिंह, नेन सिंह, गुरमेल सिंह और चरण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# नशीले इंजेक्शनों के जखीरे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी व बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 140 नशीले इंजेक्शन बरामद किए। जानकारी के अनुसार एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टी.सी. द्वारा सभी प्रभारियों को जनपद को नशामुक्त बनाए जाने हेतु नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में पुलिस द्वारा लगातार अवैध नशा तस्करी में लिप्त तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश फर्त्याल व प्रभारी एसओजी राजेश जोशी के नेतृत्व में एसओजी तथा थाना बनभूलपुरा की संयुक्त टीम द्वारा गोला बाईपास रोड से एक नशा तस्कर को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 140 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शाहरुख उर्फ बीड़ी पुत्र अयूब निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने शाहरुख को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह,कांस्टेबल राजेश कुमार,अरुण राठौड़ व संतोष बिष्ट शामिल थे।



# रुद्रपुर के कवि अशोक अंजाना को नेपाल में मिला भारत साहित्य गौरव सम्मान

रूद्रपुर ।नेपाल के महेंद्र नगर कंचनपुर में नेपाल मानस खण्ड गुरुकुल के सौजन्य से मानसखण्ड लोक संस्कृति सम्मेलन तथा लिटिल बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न प्रांतों एवं नेपाल के तमाम साहित्यकारों की उपस्थिति रही। रुद्रपुर के कवि अशोक अंजाना को भी आमंत्रित किया गया। भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए अशोक अंजाना को 'नेपाल-भारत साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजेन्द्र रावल द्वारा प्रदान किया गया स उक्त कार्यक्रम में संस्थापक लिटिल बुद्ध के संस्थापक / प्रधानाचार्य श्याम सिंह मौनी , अध्यक्ष मानसखण्ड रविन्द्र भट्ट , डॉ विनोद लेखक, राजेन्द्र सिंह रावल, कार्यक्रम संयोजक हेमबाबू लेखक, कविराज भट्ट , खीमानंद बाबू, सृजना श्री, प्रेम प्रकाश कालोनी, त्रिलोचन जोशी, आनन्दी पंत, जगदीश ओझा,वीर बहादुर विश्राम ,मधु हमाल , डॉ पीताम्बर अवस्थी उपस्थित रहे। कुशल संचालन मीतबन्धु पंत मीत द्वारा किया गया।



# पूरन चन्द्र भट्ट शिव सेना के कुमाऊं मंडल प्रमुख बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के एक रेस्टोरेंट में शिव सेना उत्तराखंड की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसका संचालन जिला सचिव सुरेश टम्टा ने किया ।प्रदेश प्रमुख कुलभूषण राणा ने पूरन चंद भट्ट को कुमाऊं मंडल के कुमाऊं मंडल प्रमुख और नरेश कुमार को उधम सिंह नगर के जिला प्रमुख नियुक्त किया। वीरेंद्र कुमार को जिला उप प्रमुख उधम सिंह नगर और मोहन चंद्र को हल्दूचौड़ नगर के नगर कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त करके जिम्मेवारी सौंपी गई और उनसे आशा की गई कि ये अपने पद की गरिमा को समझ कर तन मन धन से शिवसेना में कार्य करेंगे और कुमाऊं मंडल में शिवसेना का पताका फेरा देंगे और इनके साथ साथ दर्जनों शिव सैनिकों को भी शिवा सेना में सदस्ता कराई गयी। प्रदेश प्रमुख कुलभूषण राणा ने बताया कि शिवसेना उत्तराखंड में ब्रह्मलीन बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों पर उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र एकनाथ शिंदे साहब और श्रीकांत शिंदे साहब और राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल साहब के आशीर्वाद से निरंतर बढ़ रही है । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपप्रमुख सौरभ नेगी, प्रदेश आईटी सेल सचिव सूरज सिंह रावत, प्रदेश सचिव आचार्य नन्द किशोर मिश्रा, प्रदेश मीडिया सचिव निखिल पाल ,मोहन, नरेंद्र यादव ,सुरेश चंद, शिवम, सुभाष, नरेश, मुन्नी, पायल, पलक, भगवान दास ,चंद्रबाबू ,भागवत, मानसिंह, सतीश, संजीव , अंकित,राजीव नेगी, सुभाष भट्ट, संजय, विक्की, सानू कुमार अवनीश राणा, रुद्र प्रताप, शिवांश,सूरज,अनिकेत आदि रहे।



# स्कूल क्वॉलिटी असेसमेंट एंड एश्योरेंस फ्रेमवर्क पर आरएएन में कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई द्वारा सीओई देहरादून के सहयोग से आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में स्कूल क्वॉलिटी असेसमेंट एंड एश्योरेंस फ्रेमवर्क विषय पर प्रिंसिपल एवं उप-प्रिंसिपल हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उधमसिंहनगर सहित विभिन्न नगरों के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं उप-प्रिंसिपल ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं अतिथि संसाधन व्यक्तियों के स्वागत से हुआ। कार्यशाला की संसाधन पर्सन श्रीमती भावना भनोट, प्रिंसिपल, आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल,श्रीमती गायत्री कंवर, प्रिंसिपल, बीएलएम अकैडमी, गोरापड़ाव, हल्द्वानी (नैनीताल) रही। औपचारिक परिचय सत्र के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षण प्रमुखों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यशाला का वातावरण और अधिक समृद्ध एवं प्रभावी बन गया। संसाधन व्यक्तियों ने अपने विस्तृत अनुभवों के आधार पर प्रतिभागियों को स्कआफ के महत्व से अवगत कराया तथा इसके विभिन्न डोमेन एवं उप-डोमेन की व्यापक जानकारी प्रदान की। उन्होंने रिकॉर्ड के व्यवस्थित प्रलेखन तथा स्क्वाफ के अंतर्गत स्व-मूल्यांकन की प्रक्रिया को सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया। कार्यशाला को अधिक रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनसे प्रतिभागियों ने अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप में समझा। प्रतिभागियों ने संसाधन व्यक्तियों द्वारा दिए गए स्पष्ट मार्गदर्शन, व्यावहारिक उदाहरणों एवं सहज व्याख्याओं की विशेष सराहना की। दूसरे दिन कार्यशाला का समापन ध्यान सत्र के साथ हुआ, जिसने सभी प्रति भागियों को शांति और ऊर्जा से भर दिया।




उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# इंडिगो उड़ानों का संकट

पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने से विमानन कंपनी इंडिगो में उपजा उड़ान परिचालन का संकट इस फैसले को वापस लेने के बाद भी थमता नजर नहीं आया। शनिवार को कंपनी की साढ़े आठ सौ से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि शुक्रवार को देश भर के विभिन्न हवाईअड्डों से एक हजार से अधिक उड़ानें निरस्त कर दी गई थीं। इससे न केवल यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है, बल्कि उन्हें दूसरी उड़ानों की यात्रा टिकट हासिल करने के लिए कई गुना अधिक दाम चुकता करने पड़ रहे हैं। हालांकि, इस समस्या के निराकरण के लिए सरकार ने अब फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा 7,500 रुपए से 18,000 रुपए तक सीमित कर दी है। मगर उड़ानों के परिचालन का संकट दूर करने के लिए पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने का जो फैसला वापस लिया गया है, क्या इस मसले की संवेदनशीलता को देखते हुए उस पर फिर से विचार किया जाएगा? यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आखिर इंडिगो में ही यह संकट क्यों और कैसे पैदा हुआ।दरअसल, पायलटों का संगठन लंबे समय से साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने की मांग कर रहा था। उनका कहना था कि लगातार काम के दबाव की वजह से उन्हें थकान समेत कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नागर विमानन महानिदेशालय ने हाल में नई नियमावली जारी कर पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय में बारह घंटे की बढ़ोतरी कर उसे अड़तालीस घंटे कर दिया था। इसके बाद इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया। कंपनी का तर्क था कि नए नियमों के लागू होने से ज्यादा पायलट अवकाश पर हैं, जिससे उड़ानों का परिचालन बाधित हुआ है। मगर, इस बात पर गौर करना जरूरी है कि नए नियम सभी विमानन कंपनियों पर लागू थे! दूसरा, इस बात पर भी गहराई से विचार करने की जरूरत है कि उड़ान के दौरान पायलटों की संवेदनशीलता और सक्रियता बेहद महत्त्वपूर्ण होती है, जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में उनके पूरी तरह स्वस्थ रहने के लिए उन्हें जरूरी आराम की सुविधा का पहलू भी अहम है। एक और समस्या है जो उड़ानों के संकट के बीच अक्सर हवाई यात्रियों को परेशानी और चिंता में डाल देती है, वह है किराए में अचानक बढ़ोतरी। यह इसलिए है, क्योंकि विमानन कंपनियों पर किराए की सीमा को लेकर कोई स्पष्ट नियम लागू नहीं है। इसी कारण शनिवार को स्पाइसजेट की कोलकाता-मुंबई की एक तरफ की यात्रा के लिए 'इकोनामी' श्रेणी के हवाई टिकट की कीमत नब्बे हजार रुपए तक पहुंच गई, जबकि एअर इंडिया की मुंबई-भुवनेश्वर उड़ान के लिए यात्रियों को चौरासी हजार रुपए तक में टिकट खरीदना पड़ा। इन खबरों के बाद सरकार ने फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा तय कर दी है। मगर यह व्यवस्था तब तक रहेगी, जब तक उड़ानों का संकट दूर नहीं हो जाता है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# नशे का नेटवर्क तोड़ना पुलिस के लिए चुनौती

## साल गुजरने में कुछ दिन शेष, सीएम के सपनों को कैसे लगेंगे पंख

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर/बाजपुर/जसपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 के अंत तक समूचे राज्य को नशा मुक्त करने का सपना क्या शेष बचे 23 दिनों में साकार रूप ले पाएगा! क्या सच में देवभूमि की माटी नशा तस्करों के चुंगल से मुक्त हो पाएगी। ऐसे तमाम अनुत्तरित सवाल अब लोगों के जेहन में कौतूहल बन चुके हैं। गौरतलब है कि देश के नक्शे पर उत्तराखंड राज्य को अलग पहचान दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले दिनों विकास की एक और इबारत लिखते हुए वर्ष 2025 के अंत तक उत्तराखंड राज्य को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। सीएम के सपनों को उड़ान देने के लिए शुरुआती दौर में सघन अभियान चलाते हुए पुलिस ने तमाम नशा कारोबारियों के नेटवर्क को तहस-नहस करते हुए युद्ध स्तर पर बरामदगी और गिरफ्तारी की लेकिन बाद में यह अभियान फुस्स हो गया।

### जहरीली शराब के बदले लाखों की होती है अवैध वसूली!

काशीपुर के छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी खाई खेड़ा गिन्नी खेड़ा वीरपुर कटैया खड़कपुर देवीपुरा कुंडेश्वरी प्रतापपुर रमपुरा आदि ग्रामीण इलाकों में आज भी प्रतिदिन हजारों लीटर जहरीली कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। सूत्रों का कहना है कि आबकारी के जिम्मेदार कच्ची शराब के कारोबारियों से हफ्ता वसूल करते है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि काशीपुर क्षेत्र से प्रति माह 8 से 10 लाख रूपों की अवैध वसूली होती है। इसी तरह सूत्र बताते हैं कि बाजपुर में कभी पीआरडी की नौकरी करने वाले दो व्यक्ति आबकारी के लिए प्रतिमाह लगभग 6 लाख रुपए की वसूली करते हैं।



प्रशासन के शिथिल होते ही नशा कारोबारियों ने एक बार फिर से मजबूती से सिर उठा लिया। काशीपुर जसपुर व बाजपुर में नशे का गैर कानूनी कारोबार कथित तौर पर पुलिस के संरक्षण में खूब फल फूल रहा है। सर्वे रिपोर्ट को सच माने तो काशीपुर में प्रतिदिन लाखों की चरस व स्मैक की खपत हो रही है। इसी तरह जसपुर, बाजपुर व सुल्तानपुर पट्टी के ग्रामीण व कस्बाई इलाकों में सुरक्षा के ठेकेदार नशा कारोबारियों को संरक्षण देते बताए जा रहे हैं। इस तरह आम लोगों की राय में नशे का गैर कानूनी कारोबार खत्म होना तो दूर रंच मात्र कम भी नहीं हो सका। सरकार की आंख में धूल झोंक कर जो लोग गैर कानूनी गोरखधंधे को संरक्षण देने में लिप्त है ऐसे चेहरों को अब बेनकाब करना आवश्यक हो गया है। वैसे तो सभी को पता है कि कौन लोग हैं जो सीएम के सपनों को उड़ान भरने में बाधक बने हैं लेकिन जांच में यह मामला सार्वजनिक हो तो शायद और भी बेहतर होगा।

# सामुहिक प्रयासों से ही मानव वन्य जीव संघर्ष पर नियंत्रण संभव: डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम हेतु जिला स्तर पर कवायद तेजी से, इस संबंध में शनिवार को हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी प्रभागीय वनाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बढ़ते मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी श्री रयाल द्वारा अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्रान्तर्गत जहाँ से वन्य जीव बसावट की ओर आते हैं ऐसे क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग को दुरस्त करने और उनका सही रख रखाव किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में मानव वन्य जीव संघर्षों की अधिक घटनाएं होती हैं वन विभाग उन सभी संवेदनशील वन क्षेत्रों से सटे गाँवों और इलाकों में गस्त बढ़ाये जिससे ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने विभाग को निर्देश दिए कि यदि किसी जगह पर लेपर्ड या किसी अन्य जंगली जानवर का मूवमेंट अधिक हो तो उसको देखते हुए उन क्षेत्रों में स्थित स्कूलों की टाइमिंग में भी यदि बदलाव करना पड़े तो शिक्षा अधिकारी उसको





भी सुनिश्चित करें तथा स्कूल आते एवं छुट्टी के समय बच्चों के साथ किसी वयस्क व्यक्ति को भेजे जाने हेतु ग्रामीणों से भी समन्वय स्थापित कर लिया जाय। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि जंगल क्षेत्रों में आवागमन अकेले ना करें। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जंगल में जिन क्षेत्रों से महिलाएं घास लेने जाती हैं उन मार्गों में मनरेगा के माध्यम से झाड़ी कटान एवं सफाई अभियान लगातार जारी रखा जाय ताकि आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। इसके साथ ही मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया है की जिन क्षेत्रों में जानवरों का आवागमन ज्यादा है वहां जानवरों का आवागमन को कम करने के लिए किस तरह की तीखी फैसलें उगाई जा सकती हैं इस पर विचार विमर्श कर लिया जाए तथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देशित किया कि जंगल के बीच में स्थित चाल खाल को पानी से लबालब भर दिया जाए जिससे जंगलों का मूवमेंट आबादी की तरफ ना हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जंगल के निकट स्थित विभिन्न रिजॉर्ट, होटल एवं रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री खुले में डालने से वन क्षेत्र से वन्य जीवों के आने की भी संभावना होती है इस हेतु संबंधितों को भी आवश्यक निर्देश जारी किए जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोके जाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाय तथा इसपर पूर्ण रोकथाम की जाय। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगड़ी, ध्रुव मर्तोलिया, आकाश गंगवार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी,जिला शिक्षा अधिकारी पी सी टमटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हाट कालिका धाम और पाताल भुवनेश्वर गुफा का होगा संरक्षण : भटगांई

## जिलाधिकारी ने की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

पिथौरागढ़। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने रविवार को मानस खंड मंदिर माला के अंतर्गत प्रमुख धार्मिक स्थलों हाट कालिका धाम और पाताल भुवनेश्वर गुफाके दर्शन कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की तथा जनपद के लोगों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की। हाट कालिका में उन्होंने सफाई, पेयजल, शौचालय, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग सुविधा और मार्गों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन पार्किंग की गुणवत्ता और यातायात प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया। महाकाली समिति के सदस्यों की मांग पर मंदिर समीप पार्किंग व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को एक विस्तृत प्लान बनाने के निर्देश दिए। पाताल भुवनेश्वर में जिलाधिकारी ने प्रवेश निकास मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, गाइड सुविधा एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने परिसर में सीसीटीवी कैमरे, सुदृढ़ मार्गदर्शन तंत्र और सुरक्षित पर्यटक आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह प्राचीन गुफा धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर भी है, जिसका संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने कहा कि मानस खंड मंदिर माला का उद्देश्य कुमाऊँ के प्रमुख धार्मिक स्थलों को एक सुव्यवस्थित आध्यात्मिक-पर्यटक परिपथ के रूप में विकसित करना है। इस योजना के तहत प्रत्येक स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा प्रबंधन और पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध करने के लिए आधुनिक तंत्र जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी संरचनात्मक और संरक्षण संबंधी कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) के साथ समन्वय में समयबद्ध एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएंगे।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों पर सूचना-पट्ट, बैठने की व्यवस्था, संपर्क मार्गों का उन्नयन, पार्किंग सुविधाएँ और आपातकालीन सहायता तंत्र को मजबूत किया जाए, ताकि आगंतुकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक संरक्षण और क्षेत्रीय पहचान को भी सुदृढ़ करेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और सुव्यवस्था प्रशासन एवं समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है, और प्रशासन इन स्थलों को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गंगोलीहाट का दौरा किया, जहां छात्राओं ने उनका पारंपरिक लोक गीत और नृत्य के साथ स्वागत किया। जिलाधिकारी ने राजीव गाँधी नवोदय स्कूल का भी दौरा किया ओर वहां की व्यवस्थाओ का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, कॉन्सेप्ट क्लियर रखने और नई तकनीकों के साथ सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट वर्क, हार्ड वर्क, टाइम मैनेजमेंट और सही अप्रोच अपनाकर ही लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। जिलाधिकारी ने छात्राओं को निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए अपने भविष्य के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट यशवीर सिंह, तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष विमल रावल, महाकाली मंदिर समिति अध्यक्ष हरगोविंद रावल, सचिव कमल रावल, संगठन सचिव दीपक रावल एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।







# सिख समाज ने फूंका हरक सिंह रावत का पुतला

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के चुनाव कैंपेन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिख समुदाय को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के बैनर तले दर्जनों लोगों ने कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत के प्रतीकात्मक पुतले के साथ जुलूस निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन कर डी.डी. चौक पर पुतला दहन किया। नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के बैनर तले दर्जनों लोग गुरुद्वारा परिसर में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने कांग्रेसी नेता रावत के पुतले के साथ नारेबाजी करते हुए जुलूस प्रारंभ किया। गल्ला मंडी से प्रारंभ हुआ जुलूस नगर के रेलवे फाटक, महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार होता हुआ दीन दयाल चौक पर समाप्त हुआ। चौक पर आयोजित सभी में आजाद नगर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जितेंद्र सिंह संधू ने कहा कि सिख समाज से जुड़ा 12 बजे का इतिहास मुगल शासन में बहन बेटियों के जीवन तथा उनके मान सम्मान की रक्षा से जुड़ा हुआ गौरवमई इतिहास है, लेकिन कांग्रेसी नेता ने सिख समाज के लिए अपमानजनक टिप्पणी कर समाज को अपमानित करने का निंदनीय कृत्य किया है, जो किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संध ने कहा कि कांग्रेसी नेता रावत के इस



शर्मनाक बयान के बाद देश-विदेश में बैठे सिख समाज में भारी रोष व्याप्त है। वरिष्ठ व्यापारी नेता निर्मल सिंह हंसपाल एवं किसान नेता करमजीत सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत ने ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो माफी योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि हरक सिंह रावत द्वारा अपने बयान पर माफी मांग ली गई है लेकिन उनकी माफी तब तक स्वीकार नहीं होगी, जब तक हरक सिंह रावत द्वारा अकाल तख्त के सामने पेश होकर अपने बयान पर माफी नहीं मांगी जाएगी। वक्ताओं ने कांग्रेसी नेता रावत से अकाल तख्त गुरुद्वारे में हाजिरी लगाकर श्रद्धालुओं के जूते चप्पल साफ करने तथा एक सप्ताह तक गुरुद्वारे में सेवा कर पश्चाताप करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि मुगल शासन के दौरान मुगल सैनिक राह चलते बहन बेटियों को उठाकर ले जाते थे और उनके साथ बलात्कार कर उन्हें गुलाम बना लेते थे या फिर उनकी हत्या कर देते थे। इस दौरान सिख समुदाय के युवाओं द्वारा टीम बनाकर बहन बेटियों की रक्षा के लिए योजना के तहत रात्रि 12 बजे मुगलों के डेरे पर धावा बोलकर बहन बेटियों की जीवन की रक्षा तथा उनके सम्मान की रक्षा की जाती थी। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने हरक सिंह रावत के प्रतीकात्मक पुतले को जूते चप्पल से पीटने के बाद पुतले को आग के हवाले कर दिया। मौके पर सिंह सभा कमेटी के प्रधान देवेंद्र सिंह मंड, जगरूप सिंह गोल्डी, जितेंद्र सिंह संधू, निर्मल सिंह हंसपाल, बलविंदर सिंह, तेजपाल सिंह, हरजीत सिंह कपूर, संतोख सिंह, रविंद्र सिंह, रणजीत सिंह गिल, परमजीत सिंह, जगजीत सिंह, डिंपल सिंह चीमा, कुलजीत सिंह, खुशविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, हरजीत सिंह बग्गा, करमजीत सिंह रंधावा, कुलदीप सिंह, इकरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# चौथी पुण्य तिथि पर जनरल बिपिन रावत को किया नमन

देहरादून। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्व. जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत का अदम्य साहस, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण उत्तराखंड और पूरे देश के लिए हमेशा गर्व का विषय रहेगा।सीएम धामी ने आगे कहा कि जनरल बिपिन रावत का जीवन देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरक उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर माननीय कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास और श्रीमती सविता कपूर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर स्व. जनरल बिपिन रावत को याद किया।



# 15 दिसम्बर तक कन्या इंटर कालेज के कार्यों की निविदायें हों जारी- बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)। शहर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का जीर्णोद्धार करने के लिए विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किए गए प्रयासों को अब धरातल पर उतरते दिखाई देने लगे हैं। आज विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों की एक बैठक इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुई जिसमें निर्माण करने वाली संस्था सहित पेयजल निगम, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, जल संस्थान, नगर पालिका परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया तथा ध्वस्तीकरण किए जाने वाले भवनों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही नए भवनों के निर्माण का ब्लूप्रिंट भी सार्वजनिक किया गया। इस दौरान विधायक श्री बेहड़ द्वारा कन्या इंटर कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं में जिसमें पेयजल, साफ सफाई सहित आवारा कुत्तोंद्वारा बालिकाओं पर किए जा रहे हमले को लेकर नगर पालिका प्रशासन को भी व्यवस्था करने को कहा गया है। इससे पूर्व तमाम शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं ने विधायक तिलक राज



बेहड़ का स्वागत किया। कॉलेज की अभिभावक शिक्षक समिति ने श्री बेहड़ द्वारा कन्या इंटर कॉलेज के जीर्णोद्धार के लिए किए गये प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री बेहड़ ने कहा कि वह चाहते हैं कि 15 दिसंबर तक निविदाओं सहित निर्माण के भी निवेदन आमंत्रित कर दिये जाए ताकि ठेकेदार समय रहते हुए विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कर सके और पठन-पाठन हेतु नगर की जनता को एक व्यवस्थित विद्यालय मिल सके। इस अवसर पर बैठक में कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजु सक्सेना ने विद्यालय से संबंधित कई जटिल समस्याओं से विधायक तिलकराज बेहड़ को अवगत कराया। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। बैठक में कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, इम्तियाज मलिक, पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, नितिन शर्मा, अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, विद्युत विभाग के ओम प्रकाश रविन्द्र, अधिशासी अभियंता सुनील जोशी, पेयजल निगम, लोक निर्माण विभाग, मंडी परिषद से मोईन खान, जल संस्थान से अधिशासी अभियंता, मोहम्मद आसिम, शिक्षा विभाग, सीआरसी, विद्युत विभाग, पेयजल योजना, जल निगम, नगर पालिका परिषद के एसआई विजयंत कुमार, प्रधानाचार्य डॉ अंजू सक्सेना सहित अभिभावक शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक टकराने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। ग्राम शोका नगला केलाखेड़ा निवासी 45 वर्षीय बृजमोहन सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह रविवार देर शाम को बाइक संख्या



यूपी11बीजे1634 घर से गदरपुर आ रहा था। रास्ते में बरखेड़ा मोतीपुर सड़क किनारे खड़ी ट्रक संख्या यूके 06पी सी 9607 से बाइक टकरा गई। ट्रक चालक ने किसी प्रकार का अवरोधक चिह्न नहीं लगाया था, जिसके चलते हादसा हुआ। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 इमरजेंसी सेवा द्वारा गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायल बृजमोहन को पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने बृजमोहन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार मृतक बृजमोहन अपने पीछे दो बेटियां, एक बेटे और पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया।




## पेज एक का शेष...

**सीएम धामी का फोकस...**ओर से तपोवन जियोथर्मल स्प्रिंग साइट पर ड्रिलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। खास बात तो यह है कि शुरुआती प्रोजेक्ट्स के दौरान जियोथर्मल स्प्रिंग्स साइट पर होने वाली ड्रिलिंग का खर्च राज्य सरकार वहन करने जा रही है ,क्योंकि बिना ड्रिलिंग के ये पता नहीं चल पाएगा कि किस डेप्थ पर पानी का तापमान कितना है। उल्लेखनीय है की ड्रिलिंग प्रक्रिया एक जुए की तरह होती है क्योंकि ड्रिलिंग के बाद यदि विद्युत उत्पादन के लिए वो साइट फिजिबल नहीं होता है तो फिर पैसा वेस्ट हो जाता है । लेकिन बिना ड्रिलिंग लिए पता नहीं लगाया जा सकता कि वो साइट फिजिबल है या नहीं? इसलिए साइट्स पर ड्रिलिंग करना आवश्यक होता है। किसी भी जियोथर्मल स्प्रिंग्स साइट पर ड्रिलिंग की जाती है तो उसमें करीब 2 से 3 करोड़ रुपए तक का खर्च आता है। उत्तराखंड में इस तरह का प्रोजेक्ट पहली बार शुरू किया गया है, इसलिए कोई प्राइवेट कंपनी इस कार्य में अभी अपना हाथ नहीं डालना चाहती। लिहाजा सरकार फिलहाल यह है कार्य अपनी संस्थाओं से ही कराने जा रही है । सरकारी सूत्रों के मुताबिक उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड को जल्द ही तपोवन जियोथर्मल स्प्रिंग्स पर ड्रिलिंग का काम आवंटन कर दिया जाएगा। इसके अलावा ओएनजीसी ने भी जियोथर्मल स्प्रिंग्स की कुछ साइटें मांगी है। इस बारे में ओएनजीसी के साथ अलग से बैठक की जाएगी। प्रदेश में तमाम जियोथर्मल स्प्रिंग्स मौजूद है, जिसे चलते मल्टीपल एजेंसी की जरूरत है, जो वहां पर काम करें। यही वजह है कि टीएचडीसी से भी बातचीत कर रहे हैं कि वो भी कुछ साइट ले। ताकि एक साथ दो तीन साइट पर काम शुरू हो सके।

**मालिकाना हक को लेकर...**आदेश जारी कराया गया था, लेकिन उच्च न्यायालय द्वारा मौजूदा निर्देशों में उसे निरस्त कर देने से बस्तियों के निवासियों के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में कहा गया कि नजूल भूमि पर 40-40 वर्षों से निवास कर रहे नागरिकों को नजूल नीति खारिज/अप्रभावी होने के कारण मालिकाना हक मिलना असंभव हो गया है। यही नही उन्हें नए विद्युत संयोजन भी नहीं मिल पा रहे, जिससे परिवार अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उद्योगों के स्थापित होने के बाद अन्य राज्यों से आए हजारों श्रमिक भी दानपत्र और सीलिंग प्रभावित भूमि पर अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। इन परिवारों के पास मालिकाना हक न होने से न तो यह नरकीय जीवन जीने का मजबूर है। श्री ठुकराल ने जिलाधिकारी उधमसिंहनगर के 31 मई 2023 के उस आदेश को भी वापस लेने की मांग की, जिसमें अतिक्रमित भूमि पर निवास कर रहे लोगों को विद्युत संयोजन न देने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यह आदेश हजारों परिवारों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि नजूल नीति को पुन: प्रभावी बनाया जाए तथा इन तीनों प्रकार की भूमि पर बीस वर्ष से अधिक समय से निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक/फ्रीहोल्ड उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, जिला विकास प्राधिकरण के 24 नवंबर 2025 के आदेश को भी समाप्त कर प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान की जाए। ठुकराल ने कहा कि राज्य सरकार व्यापक जनहित में निर्णय ले तो रुद्रपुर की हजारों झुग्गी,झोपड़ी एवं मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक मिल सकेगा और वह सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने ठुकराल को आश्वस्त करते हुये कहा कि वह शीघ्र ही इस सम्बन्ध में समाधान निकालने की ओर कदम बढ़ाते हुये रूद्रपुरवासियों को राहत दिलाने का प्रयास करेंगे।

**भैसा गाड़ी की ...**में लेकर के किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लाया जहां पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु रुद्रपुर मोर्चरी भिजवा दिया है पुलिस घटना की जांच कर रही है । मृतक बालक अपनी मां रीना के साथ रहता था तथा उसके पिता अलग निवास करते हैं। बालक की मौत से पूरे सिरौली में शोक की लहर है तथा उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं एक अन्य दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में कपिल पुत्र मोहन स्वरूप, अंगद मिश्रा पुत्र प्रेम मिश्रा, कृष्ण कांति देवी पत्नी प्रेम निवासी किच्छा शामिल हैं। घटना देवरिया के पास हुई। घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

**गुलरभोज में ...**पर अवैध कब्जों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि हरिपुरा जलाशय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चल रही है। प्रथम चरण में 1.13 हेक्टेयर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। द्वितीय चरण में 2.45 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमणमुक्त किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि जलाशय क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित बनाए रखने में सभी लोग आगे आएं।

**आशियाने उजाड़ने ...** होंगे। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐसे नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा और उन्हें गांव में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से न्यायपूर्ण कार्रवाई और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग दोहराई।

**युवक पर लाठी...**का प्रयास करते हुए धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उनका सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया। सभी युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड नर्सिंग एकता मंच ने किया सीएम आवास कूच

देहरादून। उत्तराखंड नर्सिंग एकता मंच अपनी लंबित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। मंच का आरोप है कि सरकार नर्सिंग स्टाफ से जुड़ी समस्याओं पर कोई ठोस संज्ञान नहीं ले रही है। इसी को लेकर आज नर्सिंग एकता मंच के सदस्यों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की कोशिश की। नर्सिंग कर्मियों की प्रमुख मांग है कि नर्सिंग भर्ती को वर्षवार किया जाए और परीक्षा आधारित भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। उनका कहना है कि 2500 से अधिक पदों पर वर्षवार व्यवस्था के तहत भर्ती की जानी चाहिए। साथ ही वे मांग कर रहे हैं कि उत्तराखंड के बाहर के राज्यों से होने वाली नर्सिंग भर्ती पर रोक लगाई जाए और ओवर एज अभ्यर्थियों को विशेष छूट प्रदान की जाए। इन मांगों के समर्थन में नर्सिंग एकता मंच ने रैली निकाली और सीएम आवास की ओर कूच किया। लेकिन पुलिस बल ने उन्हें आधे रास्ते में ही रोक लिया। प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग कर्मियों को बसों में बैठाकर वहां से हटा दिया गया। मंच ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों



पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। भर्ती पोर्टल को तत्काल बंद किया जाए, क्योंकि यह अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और असमानता पैदा कर रहा है।वर्षवार भर्ती लागू की जाए ताकि लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके।शिक्षास्वास्थ्य और चिकित्सा स्वास्थ्य विभागों की भर्तियां एक साथ निकाली जाएं, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और सरल हो।भर्ती प्रक्रिया IPHC मानकों के अनुसार की जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टाफ उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। ओवर-एज अभ्यर्थियों के लिए विशेष आयु-छूट प्रदान की जाए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा  एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वन विभाग की टीम ने 243 कछुए किए बरामद, तस्कर हुए फरार

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। किशनपुर वन विभाग की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय सुंदरी प्रजाति के 243 कछुओं को तस्करों के चंगुल से बरामद कर लिया। विभाग की यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। हालांकि तस्कर अंधेरे का सहारा लेकर मौके से फरार हो गए, लेकिन वाहन और कछुओं की बरामदगी से तस्करी गिरोह पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।शनिवार देर रात वन क्षेत्राधिकारी घनानंद चनियाल के निर्देशन तथा किशनपुर वन रेंज के टीम प्रभारी वन दरोगा संजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम को ग्राम गोविंदनगर क्षेत्र में तस्करी की पुख्ता सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध सफेद रंग के वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने वाहन की रफ्तार बेतहाशा बढ़ा दी। वनकर्मियों की सजगता से कुछ दूरी पर वाहन को रोक लिया गया, मगर इसी बीच तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। तलाशी लेने पर वाहन से सुंदरी प्रजाति के 243 जीवित कछुए बरामद हुए, जिन्हें सुरक्षित कब्जे में ले लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी चनियाल ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई गोपनीय इनपुट पर की गई है। फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें बढ़ा दी गई हैं। तस्करी गिरोह के नेटवर्क को खंगालने की तैयारी भी तेज कर दी गई है। कार्रवाई में भूपाल राम, राजेश खन्ना, इरशाद, संदीप कुमार और किशन दत्त तिवारी शामिल रहे।



# रोड सेफ्टी क्लब गठित करने को कवायद शुरू

काशीपुर। जिले के प्रमुख विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब गठित करने को लेकर कवायद शुरू हो गई है। यातायात निरीक्षक नीरज कुमार ने प्रतिनिधि से मुलाकात के दौरान बताया कि शासन की मंशा को मूर्त रूप दिए जाने को लेकर पत्राचार शुरू कर दिए गए हैं। जल्द ही स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रमुख विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब गठित किए जाने के निर्देश के बाद महानिदेशक यातायात ने संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अभियान को अमल में लाने के निर्देश दिए। संगठनात्मक जनपद काशीपुर में यातायात निरीक्षक नीरज कुमार ने ट्रैफिक से जुड़े इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए तारावती सरोजनी देवी, बांसखेड़ा इंटर कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज समेत कई विद्यालयों को पत्राचार कर शासनादेशों की जानकारी दी। कहा कि जल्द ही उपरोक्त विद्यालयों के प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर नोडल शिक्षक नामित किए



जाएंगे तदोपरांत गोष्ठी पोस्टर प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। टी आई नीरज कुमार ने कहा की जल्द ही रोड सेफ्टी क्लब धरातल पर सार्थक प्रयास का साक्षी बनेगा और इसी के साथ शहर की यातायात व्यवस्था वापस पटरी पर लौटेगी। **नादेही व बाजपुर शुगर मिल को भेजा पत्र :** कोहरे के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर नादेही शुगर मिल व बाजपुर शुगर मिल के प्रबंधन को पत्राचार किया है। भेजे पत्र में ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बताया कि साफ किया कि गन्ना आपूर्ति के दौरान अधिकांश वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वाहनों में रिफ्लेक्टर व नंबर प्लेट के अलावा ओवरलोडिंग आवर हाइट व रॉन्ग साइड की निरंतर शिकायतें हैं। ऐसे में कोहरे के प्रकोप के कारण दुर्घटनाओं की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने तल्ख लहजे में कहा कि आदेशों के अनुपालन में कोताही पर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# गैस लीक होने से दो भाई समेत तीन युवकों की मौत

## तीनों त्यूणी में मकानों का कर रहे थे निर्माण,कमरे में मृत मिले

त्यूणी। देहरादून के त्यूणी तहसील क्षेत्र के भूठ गांव में राजकीय हाईस्कूल के एक कमरे में रविवार को डिरनाड गांव निवासी प्रकाश, संजय और पट्यूड गांव निवासी संदीप मृत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे के खिड़की और दरवाजे भीतर से बंद थे। कमरे से एलपीजी गैस की तेज गंध आ रही थी। तीनों मृतक राज मिस्त्री का कार्य करते थे। काफी दिनों से भूठ गांव में रहकर मकानों के निर्माण और मरम्मत का कार्य कर रहे थे। मृतक प्रकाश और संजय सगे भाई थे। राजस्व पुलिस प्रथम दृष्टया में गैस लीकेज को मौत का कारण मान रही है। नायब तहसीलदार सरदार सिंह राणा ने बताया कि सुबह भूठ गांव में राज मिस्त्री का कार्य करने आए तीन लोगों के अपना कमरा न खोलने की सूचना मिली। ग्रामीणों ने बताया कि कमरे से एलपीजी गैस की तेज गंध आ रही है। सूचना पर तहसील प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। दरवाजे को तोड़कर कर्मचारी भीतर दाखिल हुए। कमरे में तीन लोग अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। कमरे से एलपीजी गैस की तेज गंध आ रही थी। जांच करने पर पाया गया कि तीनों की मौत हो चुकी है। गैस सिलिंडर भी पूरा खाली हो गया था। लोगों ने बताया कि तीन-चार दिन पहले ही तीनों ने गैस सिलिंडर भरवाया था। मृतक प्रकाश, संजय भाई सगे भाई थे और संदीप भी उनका रिश्तेदार था। तीनों काफी दिनों ने गांव में कार्य कर रहे थे। तीनों के गांव भी भूठ गांव के पास ही हैं। प्रथम दृष्टया में मामला गैस लीकेज से मौत का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी।



# शक्तिफार्म में बेखौफ हो रहा अवैध मिट्टी खनन

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन माफिया लगातार बेखौफ होकर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस और प्रशासन की चुप्पी सवालों को जन्म दे रही है। निर्मल नगर, 20 क्वार्टर और एक्वा पार्क के आसपास का इलाका इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का गढ़ बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खेतों को बेरहमी से काटकर मिट्टी निकाली जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं।सरकार ने रात के समय खनन गतिविधियों पर सख्त रोक लगाई हुई है, इसके बावजूद शक्तिफार्म में बिना नंबर प्लेट और बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन वाली ट्रॉलियां खुलेआम घूमती देखी जा सकती हैं। इन ट्रॉलियों पर मिट्टी खनन माफियाओं का दबदबा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है और खाकी वर्दी का खौफ पूरी तरह गायब नजर आता है।स्थानीय लोगों ने बताया कि दिन-रात अवैध मिट्टी से भरी ट्रॉलियों का आवागमन जारी है और चारों ओर अवैध मिट्टी व्यापार का जाल फैल चुका है। कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में प्रशासन की खामोशी ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में मिट्टी माफिया सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए इस हद तक बेधड़क हो गए हैं। प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से इलाके में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं।






# गुरुद्वारा पोंटा साहिब पहुंचकर हरक सिंह रावत ने किया प्राश्चित

देहरादून। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने अपने भूलवश दिए बयान का प्रायश्चित करने के लिए गुरुद्वारा पोंटा साहिब में हाजिरी लगाई। उन्होंने गलती से बोले गए उनके शब्दों के लिए गुरु ग्रंथ साहिब से माफी मांगी और पश्चाताप व्यक्त करते हुए जूता सेवा और लंगर रसोई में सेवा की। यहां अरदास कर सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगी और गुरु साहिब के चरणों में प्रसाद अर्पित किया। हाल ही में कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने अपने संबोधन में सिख अधिवक्ता को जो शब्द कहे उससे सिख समुदाय को आहत पहुंची। हरक सिंह रावत ने अधिवक्ता से क्षमा भी मांगी। कार्यक्रम में मौजूद कुछ अन्य अधिवक्ताओं ने इस पर नाराजगी जताई, तो हरक सिंह रावत स्वयं बार काउंसिल कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से बातचीत की। अपनी भावनाएं साझा कीं और स्पष्ट कहा कि उनके मन में सिख समाज के लिए अत्यंत सम्मान है। उन्होंने कहा कि सिख समाज ने हमेशा उत्तराखंड और देश के लिए कठिन से कठिन समय में आगे बढ़कर सेवा की है और अपनी कर्तव्यनिष्ठा से दुनिया का दिल जीता है। उनकी मंशा कभी भी किसी समाज, विशेषकर सिख समाज, के प्रति अमर्यादित शब्द कहने की नहीं रही। उन्होंने कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी व्यक्ति, अधिवक्ता या समाज का कोई साथी आहत हुआ है, तो वे हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं।



# स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हल्द्वानी पुलिस ने एक और स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर जिलेभर में नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली हल्द्वानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 5 दिसंबर की रात चेकिंग के दौरान टीपी नगर क्षेत्र में सीएमटी कॉलोनी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास 5.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई।पुलिस ने आरोपी की पहचान राजेश पाण्डेय उर्फ रामा (32 वर्ष), पुत्र बल्लभ पाण्डेय, निवासी सीएमटी कॉलोनी, डहरिया, हल्द्वानी के रूप में की है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी चौकी टीपी नगर,हेड कॉन्स्टेबल दिगम्बर सनवाल,कॉन्स्टेबल अनिल टम्टा आदि शामिल रहे।




